Title: Need to re-start spinning mill at Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): मेरा संसदीय क्षेत्र मिसरिख अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है और काफी पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र की संडीला तहसील में कताई की मिल थी, जो पिछले काफी समय से बंद पड़ी हुई है। इस मिल के अभी तक चालू न होने के कारण श्रमिक बेकार हो गए हैं और उनकी जीविका का सहारा छूट गया है। उनके परिवार अत्यंत ही दयनीय स्थिति में है तथा भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मेरे क्षेत्र के लोगों द्वारा इस कताई मिल को पुनः चालू करवाये जाने हेतु पिछले काफी समय से मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इसको स्वीकार नहीं किया गया है।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत संडीला में बंद पड़ी कताई मिल को पुनः चालू कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार राज्य सरकार को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान कर उक्त बंद पड़ी मिल को चालू कराने का प्रयत्न करे, जिससे स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिल सके।